# राज्य शिक्षा केन्द्र म.प्र. भोपाल

H2025SC0627

## वार्षिक परीक्षा सत्र 2024-25

### विषय - सामाजिक विज्ञान

**समय 2½ घण्टे** | **कक्षा- 8** | **पूर्णांक 60**

बहुविकल्पीय प्रश्न (प्रश्न क्र. 1-5)

**निर्देश** सही विकल्प चुनकर उत्तर लिखिए। प्रत्येक प्रश्न के लिए 1 अंक निर्धारित है।

प्र 1. ए हिस्ट्री ऑफ ब्रिटिश इंडिया पुस्तक के लेखक थे- 1

(A) चार्ल्स डार्विन (B) जेम्स मूलर

(C) जेम्स मिल (D) जेम्स रेनेल

प्र 2 झरिया कोयला क्षेत्र खदान किस राज्य में स्थित है 1

(A) उत्तर प्रदेश (B) बिहार

(C) मैसूर (D) झारखंड

प्र-3 भारतीय संविधान का प्रमुख लक्षण है 1

(A) संघवाद (B) राजतंत्र

(C) निरंकुशवादी (D) तानाशाही

प्र-4 किसी भी व्यक्ति को अपनी इच्छानुसार धर्म अपनाना एवं प्रचार प्रसार करने का अधिकार कौन से मौलिक अधिकार में प्राप्त हुआ है 1

(A) संवैधानिक उपचारों का अधिकार (B) धार्मिक स्वतंत्रता का अधिकार

(C) शोषण के विरुद्ध अधिकार (D) स्वतंत्रता का अधिकार

प्र-5 बजट में नहीं दर्शाया जाता है- 1

(A) आगामी वर्ष की विकास योजना (B) पिछले वर्ष का वित्तीय विवरण

(C) आयकर के प्रावधान (D) आगामी चुनाव की योजना

**रिक्त स्थान ( प्रश्न क्र. 6-10 )**

**निर्देश** - नीचे दिए गए रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए। प्रत्येक प्रश्न के लिए 1 अंक निर्धारित है।

प्र-6 बंगाल पर अंग्रेजों की जीत ...................... की लड़ाई से शुरू हुई थी। 1

प्र-7 कानून के शासन से तात्पर्य है कि कानून सबके लिए.............है। 1

प्र-8 भारतीय संविधान सभी को अपने धार्मिक नियमों और तौर तरीकों को...........की पूरी छूट देता है। 1

प्र-9 भारतीय संविधान में 6 से 14 वर्ष की आयु के सभी बच्चों को...........की गारंटी दी गई है। 1

प्र-10 मुंबई की उपनगरीय रेलवे एक अच्छी............परिवहन प्रणाली है। 1

P.T.O.

### अति लघु उत्तरीय प्रश्न ( प्रश्न क्र. 11-16 )

नेर्देश - नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर एक शब्द/वाक्य में लिखिए। प्रत्येक प्रश्न के लिए 2 अंक निर्धारित हैं।

-11 किस पुर्तगाली द्वारा भारत तक पहुंचने के लिए समुद्री मार्ग का पता लगाया था ?

-12 किस व्यवस्था के अंतर्गत कंपनी के द्वारा राजाओं और तालुकेदारों को जमीदारों के रूप में मान्यता दी गई ?

-13 औपनिवेशिक काल में जाति के विरुद्ध सबसे महत्वपूर्ण आंदोलन कौन सा था ?

-14 विवादों का निपटारा, न्यायिक समीक्षा, लोकतंत्र की व्यवस्था बनाना किसके अधिकार क्षेत्र में है ?

-15 जंगलों से प्राप्त होने वाली कोई दो वस्तुओं के नाम लिखिए।

-16 जनजातीय आबादी वाले क्षेत्रों में सामाजिक न्याय को प्रोत्साहन हेतु लागू किसी एक योजना का नाम लिखिए।

### घु उत्तरीय प्रश्न ( प्रश्न क्र. 17-22 )

र्देश - नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर 30-40 शब्दों में लिखिए। प्रत्येक प्रश्न के लिए 3 अंक निर्धारित हैं।

-17 उत्तर भारत में 1857 के विद्रोह के मुख्य केंद्र कौन कौन से थे?

-18 ईश्वर चंद्र विद्यासागर ने महिलाओं की स्थिति में सुधार के लिए क्या प्रयास किए?

-19 प्राकृतिक संसाधन और मानव निर्मित संसाधनों में क्या अंतर है ? कोई तीन अंतर लिखिए।

-20 झोंका भटटी किस प्रकार कार्य करती है?

-21 जनसंख्या परिवर्तन को प्रभावित करने वाले किन्हीं दो कारकों की भूमिका का वर्णन कीजिए।

-22 इस्पात को आधुनिक उद्योगों का मेरुदण्ड क्यों कहा जाता है?

### र्घ उत्तरीय प्रश्न ( प्रश्न क्र. 23-26 )

र्देश - नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर 70-80 शब्दों में लिखिए। प्रत्येक प्रश्न के लिए 5 अंक निर्धारित हैं।

-23 बंगाल विभाजन क्यों किया गया एवं इसके क्या परिणाम हुए?

-24 भारत में कृषि एक प्राथमिक क्रिया है। कारण लिखिए।

-25 मृदा निम्नीकरण रोकने की विधियों का वर्णन कीजिए।

-26 भारत कब स्वतंत्र हुआ? इस स्वतंत्रता के लिए लोगों ने क्या-क्या प्रयास किए? लिखिए।

-----x-----